<u>समाचार</u>

10 जुलाई को वार्ड क्र. 08, 17, 30, 37, 45, 50, 56, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 09 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 10 जुलाई शनिवार को वार्ड क्र. 08, 17, 30, 37, 45, 50, 56, 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई शनिवार को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू सामुदायिक मंच कुम्हार मोहल्ला, वार्ड क्र. 17 मानस नगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर सार्वजनिक भवन नीचे मोहल्ला, वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार नम्बर–2 ग्रामीण बैंक के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 डांडपारा सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 50 प्रेमनगर तहसील कार्यालय के सामने, वार्ड क्र. 56 डगनियाखार मितानिन घर के पास, वार्ड क्र. 60 मंगल भवन गेवरा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1381 शिविरों के माध्यम से 69137 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।